राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक01.07.2026को आयोजित तिमाही बैठक का कार्यवृत

कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समितिकी बैठक श्री सलिल संदीप कुजूर,क्षेत्रीय खान नियंत्रक, जबलपुर के महोदय की अध्यक्षता में दिनांक01.07.2026को अपरान्ह्3:30 बजे क्षेत्रीय कार्यालय,भारतीय खान ब्यूरो,जबलपुर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम श्री रोहित कुमार, अवर श्रेणी लिपिक द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा समिति के अन्य सदस्यो का बैठक में स्वागत किया गया,जिसका विवरण निम्नानुसार है।

:: सदस्य ::

क्र.सं.	नाम	पदनाम	
1.	श्री सलिल संदीप कुजूर	क्षेत्रीय खान नियंत्रक	अध्यक्ष
2.	श्री दाता राम गुर्जर	उप खान नियंत्रक	सदस्य
3.	श्री माधवराव साबरे	वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी	सदस्य
4.	श्री अखिलेश अग्रवाल	कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी	सदस्य सचिव
5.	श्री अभिषेक रंजन गौतम	सहायक खनन अभियंता	सदस्य

:: आमंत्रित ::

क्र.सं.	नाम	पदनाम
01	श्री विवेक कुमार	वि. कार्य कर्मचारी/डिस्पैचर

1. अध्यक्ष महोदय द्वारा पिछले कार्यवृत्त की समीक्षा की गई तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।
2. गृह पत्रिका <u>मेकलसुता</u> के **<u>पाचवें संस्करण</u>** प्रकाशन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने लेख देने के लिए 24.07.2026 समय सीमा के भीतर निर्देश दिया गया है इस संबंध अध्यक्ष महोदय द्वारा लेख कहानी,कविताएं रचनाएं आदि समय से छपवाने के संबंध में निर्देशित किया गया।
3. 3. राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत इस तिमाही में कुल 06(छ:) कागजात जारी किए गए । ये सभी कागजात द्विभाषी जारी हुए। इस स्थिति पर प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए अध्यक्ष महोदय ने आगे भी इस मद का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया। यह भी निदेश दिया कि चूँकि ऐसे कागजातों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी इनके द्विभाषी होने को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होते हैं अत: ऐसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय यह सुनिश्चित कर लेना अनिवार्य है कि कागजात द्विभाषी है अथवा नहीं साथ ही

संबंधित सहायक भी इस मद के द्विभाषी क्रियान्वयन का ख्याल रखें तथा आवश्कतानुसार हिंदी संपर्क अधिकारी की इस कार्य में सहायता लें ।

4. **हिंदी टंकण:** - हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु कोई भी कर्मचारी इस कार्यालय में शेष नहीं है।
5. अध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 2026 के लिए निर्देशित किया गया हिन्दी की किताबों कीखरीदी इस वर्ष भी की जाए एवं हिन्दी की खरीदी की गई किताबों को कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों को आवंटित की जाय जिससे वेराजभाषा हिन्दी के विकास को आगे बढ़ाने में सहयोग कर सकें।

अंत में श्री अखिलेश अग्रवाल, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिन्दी संपर्क अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त हुई।

भवदीय,

Digitally signed by Akhilesh Agrawal
Date: 07-07-2026 13:31:02

(अखिलेश अग्रवाल)
कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं
हिन्दी संपर्क अधिकारी।